संख्या–78/एक–11–2021–23(जी/2013)

प्रेषक,

महेन्द्र सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
पिकप भवन, गोमती नगर, लखनऊ।

राजस्व अनुभाग–11 **लखनऊ : दिनांकः 25 मार्च, 2021**

विषय– उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के भवन निर्माण हेतु ब्लू–प्रिंट एवं डी0पी0आर0 उपलब्ध कराने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 583/रा0आ0प्र0प्रा0/सी0ई0/2020–21 दिनांक 18–01–2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के भवन निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा तैयार ब्लू–प्रिंट एवं डी0पी0आर0 पर अनुमोदन दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या– 19/2019/बी–2–615/दस–2019 दिनांक 13–12–2019 के अनुसार प्रदेश में रूपया 50.00 करोड़ से अधिक लागत वाले शासकीय भवनों का निर्माण लोक–निर्माण विभाग के माध्यम से ई0पी0सी0 मोड पर कराए जाने की नीति निर्धारित की गई है। अतः शासनादेश संख्या 170/1–11–2019–23(जी)/2013, दिनांक 22–08–2019 द्वारा नामित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के स्थान पर वित्त विभाग के उक्त शासनादेश दिनांक 13–12–2019 में दी गयी व्यवस्था के दृष्टिगत उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के भवन का ई0पी0सी0 मोड पर निर्माण कराए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।

कृपया तद्नुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेन्द्र सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या–78(1)/एक–11–2021, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग,उ0प्र0शासन।
2. प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ।

आज्ञा से,

(कपिल कुमार कटियार)
अनु सचिव।

GO-R-11/2021-81

Scanned with CamScanner